भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-229**
उत्तर देने की तारीख-17/03/2025

**मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों का विकास**

*229. **श्री दर्शन सिंह चौधरी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों के विकास के लिए कोई कदम उठाने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**माननीय संसद सदस्य श्री दर्शन सिंह चौधरी द्वारा 'मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों का विकास' के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछा जाने वाला लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 229 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) और (ख) वर्तमान में, देश भर में 1253 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) और 653 नवोदय विद्यालय (नवि) कार्यरत हैं, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य में 112 केंद्रीय विद्यालय और 54 नवोदय विद्यालय शामिल हैं। नए केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है।

केंद्रीय विद्यालय मुख्य रूप से रक्षा एवं अर्ध सैनिक बलों के कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरित होने वाले केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान कर खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता हो। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होते हैं। केंद्रीय विद्यालय जिले/क्षेत्र/राज्य/निर्वाचन क्षेत्र के मानदंडों पर नहीं खोले जाते हैं। वर्तमान में, होशंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के जिलों/क्षेत्र में 06 केंद्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में नया केविसं खोलने का कोई प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से केविसं को प्राप्त नहीं हुआ है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की स्वेच्छा पर निर्भर करती है कि वे स्थायी भवन के निर्माण के लिए आवश्यक उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराएं तथा स्थायी भवन बनने तक विद्यालय चलाने के लिए आवश्यक अस्थायी भवन निःशुल्क उपलब्ध कराएं। नए नवोदय विद्यालयों की स्वीकृति और उसे खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है। नवोदय विद्यालय समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के जिलों/क्षेत्र में 02 नवोदय विद्यालय कार्यरत हैं।

मौजूदा स्कूलों को शैक्षणिक और अवसंरचना की आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर स्तरोन्नत किया जा रहा है। इसके अलावा, अधिकांश केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में शामिल किया गया है। पीएम श्री राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के आदर्श स्कूल हैं और इनमें अवसंरचना और आईसीटी प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रयोगशाला उपकरण, स्मार्ट क्लास रूम, एलईडी लाइटिंग आदि जैसी अन्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करना/सुधारना शामिल है।

*****